सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राज्यपाल ने हिंदी दिवस की बधाई दी

राजभवन देहरादून13सितम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेश वासियों को हिंदी दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि दुनिया में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक, ''हिंदी'' समर्थ और सक्षम भाषा है। उन्होंने कहा है कि हिंदी को समर्थ व सक्षम बनाने के लिए अलग–अलग क्षेत्रों के लोगों ने भूमिका निभाई है।

राज्यपाल ने कहा की सभी के प्रयासों का ही परिणाम है कि वैश्विक मंच पर हिंदी लगातार अपनी मजबूत पहचान बना रही है जिस पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस, हमें हमारी भाषा के साथ–साथ हमारे आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति सजग रखने का कार्य भी करता है। उन्होंने सभी का आह्वान किया है कि हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी के प्रचार–प्रसार और उपयोग का संकल्प लें।

...........0............